श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-16

अतिआवश्यक/समयबद्ध

सूचना

F.3/ 17/S.L.B.S.R.S.U/Ph.D/2020-21/ 2917

दिनांक 22.01.2021

विषय:-शैक्षणिक सत्र 2020-21 में विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में अस्थायी रूप से प्रविष्ट छात्रों के अर्हता एवं अन्य प्रमाण पत्रों की समीक्षा के संदर्भ में।

कार्यालय आदेश संख्या:-एफ-03/17/ला.ब.शा./2020-21/2735, दिनांक 01.12.2020 के निरन्तर में सूचित किया जाता है कि कोविड्-19 महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को संज्ञान में लेते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा विद्वत्परिषद् द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुपालन में शैक्षणिक सत्र 2020-21 मे विद्यावारिधि पाठ्यक्रम में छात्रों को अस्थायी प्रवेश दिया गया है। शैक्षणिक नियम परिचायिका में प्रवेश हेतु प्रदत्त नियमों के अनुपालन में सभी छात्रों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरण के अनुसार मूल दस्तावेजो के साथ शैक्षणिक विभाग के कक्ष संख्या:-09 में सम्पर्क करें:-

क्र.सं.	संकाय	अस्थायी रूप से पंजीकृत छात्रों की संख्या	प्रमाण-पत्रों की जॉच हेतु तिथियॉ
01	साहित्य संस्कृति संकाय	27	01.02.2021-06.02.2021
02	वेद वेदांग संकाय	42	09.02.2021-13.02.2021
03	दर्शन संकाय	40	16.02.2021-20.02.2021
04	शिक्षाशास्त्र संकाय	14	23.02.2021-26.02.2021

शैक्षणिक नियम-परिचायिका के अनुसार जॉच किये जाने वाले प्रमाण पत्रों की सूची:-

1 पूर्व उत्तीर्ण परीक्षाओं की उत्तीर्णता के विषय में विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से प्राप्त मूल प्रमाण पत्र।
2 मूल जन्मतिथि प्रमाण पत्र।(मैट्रिक या तत्समकक्ष परीक्षा का प्रमाण पत्र)
3 मूल चरित्र प्रमाण पत्र।
4 मूल निवास प्रमाण पत्र।
5 मूल माईग्रेशन प्रमाण पत्र।
6 पूर्व परीक्षाओं की मूल अंकतालिकाएं।
7 आरक्षण सम्बन्धी प्रावधानों के अर्न्तगत आवश्यक मूल जाति प्रमाण पत्र।
8 आधार कार्ड की छायाप्रति

प्रवेश हेतु निर्धारित अर्हता प्रमाण-पत्रों की जॉच के उपरांत ही प्रवेश स्थायी माना जायेगा। अत: संबंधित छात्र अनिवार्य रुप से संबंधित प्रमाण-पत्रों को कार्यालय में जमा करवाने तथा जांच करवाने का कष्ट करें। अर्हता से सम्बन्धित प्रमाण-पत्र जमा/जॉच न कराने की स्थिति एवं अर्हता पूर्ण न करने वाले छात्रों का अस्थायी प्रवेश स्वयं निरस्त माना जायेगा।

यह सूचना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रहा है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

01. सम्बन्धित छात्र

02. समस्त संकाय प्रमुख/समस्त विभागाध्यक्ष।

03. अध्यक्ष, शोध विभाग

04. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर-संगणक उपरोक्त सूचना को इस आशय से प्रेषित कि इस सूचना को वेबसाइट पर अंकित करने का कष्ट करें।

05. सम्बन्धित पत्रावली

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)